**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 21-03-2006**

**Participants : Khaire Shri Chandrakant Bhaurao**

>

Title : Need to merge the South Central Railway with the Central Railway in Marathwara region of Maharashtra.

**श्री चंद्रकांत खैरे (औरंगाबाद, महाराट्र)** : उपाध्यक्ष महोदय, महाराट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र का नांदेड़, रेलवे के साऊथ सैंट्रल जोन में आता है। वहां के लोग काफी समय से मांग कर रहे हैं और सभी सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं का भी कहना है कि मराठी स्पीकिंग नांदेड़ में धर्माबाद और मुदखेड़ को जोड़कर इस क्षेत्र को साऊथ सैंट्रल से हटा कर सैंट्रल जोन में डाला जाए। मैं यह डिमांड कई बार कर चुका हूं। पूर्व रेल मंत्री श्री नीतीश कुमार जी इस बारे में एक प्रस्ताव भी लाने वाले थे, लेकिन कुछ मुश्किलों की वजह से ऐसा नहीं हो सका। अतः मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी तथा सदन में बैठे रेल राज्य मंत्रियों से आग्रह करना चाहूंगा कि हमारे नांदेड़ डीविजन को साऊथ सैंट्रल से हटा कर सैंट्रल जोन में डाला जाए, जिससे कि मराठी स्पीकिंग जनता को सुविधा हो सके। इस तरह का एक प्रस्ताव वहां की जेडआरयूसीसी कमेटी ने भी रेलवे बोर्ड को भेजा है।

**उपाध्यक्ष महोदय** : आप लालू जी से उनके चैम्बर में जा कर अलग से मिल लीजिएगा।